HAMIRPUR POLICE

जनपद हमीरपुर **दिनाँक- 02.04.2024**

आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन वर्ष-2024 के संबंध में श्रीमान मण्डलायुक्त मंडल बांदा व श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम,परिक्षेत्र बांदा द्वारा जनपद के पुलिस/प्रशासनिक अधिकारियों के साथ की गई समीक्षा बैठक

आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन वर्ष-2024 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु आज दिनांक 02.04.2024 को चुनाव की तैयारियों के संबंध में श्रीमान मण्डलायुक्त मंडल बांदा व श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम,परिक्षेत्र बांदा द्वारा जनपद के प्रशासनिक अधिकारियों एवं पुलिस अधिकारियों के साथ डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम सभागार जिला कलेक्ट्रेट परिसर हमीरपुर में समीक्षा बैठक की गई। सर्वप्रथम श्रीमान मण्डलायुक्त मंडल बांदा द्वारा गार्द सलामी लेकर मतदाता जागरुकता शपथ दिलाकर बाइक रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया।

मतदान जागरुकता के क्रम में निर्देशित किया गया कि आमजन से वार्ता कर आगामी लोकसभा चुनाव में भय मुक्त होकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया जाय तथा आश्वस्त किया जाय कि हमीरपुर पुलिस व प्रशासन शांतिपूर्ण, निष्पक्ष व सकुशल चुनाव कराने के लिए प्रतिबद्ध है। यदि किसी भी व्यक्ति के द्वारा उन्हें प्रलोभन या भयभीत करने का प्रयास किया जाता है, तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दें ताकि उस व्यक्ति के विरुद्ध हमीरपुर पुलिस व प्रशासन के द्वारा कठोर वैधानिक कार्रवाई अमल में लाई जा सके।

समीक्षा बैठक के दौरान जनपद के प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन के संबंध में सभी तैयारियों को समय से पूरा कर लिया जाए। इसी क्रम में सीएपीएफ, पीएसी व होमगार्ड के रुकने वाले विद्यालयों/स्थानों पर साफ-सफाई, वाशरुम तथा शुद्ध पेयजल की उपलब्धता मानक रुप में हो यदि कहीं इसकी व्यवस्था नहीं है तो इसे तत्काल समय से पूरा कर लें।

मतदान केन्द्रों/मतदेय स्थलों का राजपत्रित अधिकारी प्रभावी रुप से भौतिक सत्यापन करें तथा मतदान को प्रभावित करने वाले अराजकतत्वों की पहचान कर उन्हे पाबंद किया जाये साथ ही हिस्ट्रीशीटर अभियुक्तों का सत्यापन किया जाए। शस्त्र धारकों से जल्द से जल्द शस्त्र जमा करा लिए जाएं। अवैध शस्त्रों का निर्माण, संग्रहण व बिक्री करने वाले अभियुक्तों पर कड़ी कार्यवाही की जाए। जनपद की सीमाओं पर बैरियर लगाकर प्रभावी चेकिंग की जाए। मतदान प्रतिशत बढ़ाने तथा लोगों को लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़ कर शामिल होने के लिए प्रेरित करने के लिए व्यापक मतदान जागरुकता अभियान चलाया जाए।

समीक्षा बैठक में श्रीमान जिलाधिकारी हमीरपुर, पुलिस अधीक्षक हमीरपुर तथा जनपद के समस्त प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें।